भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2462
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बौद्ध पर्यटन परिपथ में आदुरु स्थित बौद्ध स्थल को शामिल किया जाना**

**†2462. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले के आदुरु स्थित बौद्ध स्थल को बौद्ध पर्यटन परिपथ में शामिल करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित हस्तक्षेप सहित उनके कार्यान्वयन की अनुमानित समय-सीमा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने बौद्ध परिपथ में शामिल किए जाने हेतु स्थल की क्षमता के संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन या मूल्यांकन किया है;

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) क्या सरकार को उक्त स्थल के विकास के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वर्तमान में चल रही योजनाओं 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)', 'स्वदेश दर्शन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 1.0 योजना के तटीय परिपथ थीम के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 2015 को 67.84 करोड़ रुपये की लागत वाली "काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडूरू - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास" नामक परियोजना को मंजूरी दी है। अडूरू में स्वीकृत प्रमुख घटकों में फ्लोटिंग जेट्टी, कंक्रीट घाट, पहुँच मार्ग, प्रतीक्षालय, सूचना केंद्र, प्रकाश व्यवस्था और विद्युतीकरण शामिल हैं।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा धन की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में विभिन्न अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा बौद्ध पर्यटन परिपथ में आदुरु स्थित बौद्ध स्थल को शामिल किए जाने के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2462 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**आंध्र प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|
| 1. | गुंटूर जिले के अमरावती शहर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 27.77 |
| 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 43.08 |
| 3. | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 54.04 |
| 4. | अन्नवरम मंदिर शहर में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 25.33 |

**आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ का नाम/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसरलापुडी - अदुरू - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 2. | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलामाडुगु झरने - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध सर्किट: शालिहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनाकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 |

**आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 |
| 2. | अराकू-लम्बासिंगी | अराकू में बोर्रा गुफा का अनुभव | 29.87 |

**आंध्र प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|
| 1. | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा | 25.00 |
| 2. | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन | 25.00 |

**आंध्र प्रदेश में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|
| 1. | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन | 77.91 |
| 2. | राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी - (हवेलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 |

**आंध्र प्रदेश में 'अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|
| 1. | पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में ध्वनि एवं प्रकाश शो | 7.08 |
| 2. | विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज़-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | 38.50 |
| 3. | तिरुपति रेलवे स्टेशन | 5.75 |

*****